पंजाब केसरी 31/01/2025

आज के समय में महात्मा गांधी के मूल्य एवं दर्शन का बहुत ज्यादा महत्व : डा. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन रखा एवं प्रार्थना सभा हुई

महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य प्राध्यापक। (देवदत्त)

अम्बाला, 30 जनवरी (बलराम): महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाते हुए गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के गांधी अध्ययन केंद्र एवं इतिहास विभाग द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिख सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के इतिहास में एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने बिना किसी हिंसा के भारत को न केवल आजादी दिलवाई, वल्कि साथ ही साथ भारत को एक नए राष्ट्र के रूप में खड़ा करने की नींव रखी।

आज के समय में महात्मा गांधी के मूल्य एवं दर्शन का बहुत ज्यादा महत्व है। सरकार ने महात्मा गांधी के दर्शन शास्त्र का अनुसरण करते हुए आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

इस अवसर पर गांधी अध्ययन केंद्र एवं इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने न केवल भारत को आजादी दिलवाई, बल्कि एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो अपने आप में आत्मनिर्भर हो। महात्मा गांधी ने एक ऐसे साम्राज्य को अपने अहिंसात्मक रास्ते के माध्यम से खत्म कर दिया, जिसके बारे में यह कहा जाता था कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूरज कभी अस्त नहीं होता। आज नैशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 का जो उद्देश्य रखा गया है, वह उद्देश्य महात्मा गांधी के दर्शन में हमें साफ नजर आता है।

डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के गांधी अध्ययन केंद्र के द्वारा लगातार महात्मा गांधी के दर्शन एवं उनके मूल्यों का प्रचार छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सोसायटी में भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सिख सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को गांधी अध्ययन केंद्र का भ्रमण करवाया गया-तथा उनको महात्मा गांधी के दर्शन एवं मूल्य से अवगत करायां गया।

इसके अलावा छात्र एवं छात्रों को महात्मा गांधी जी के जीवन के ऊपर एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी दिखाई गई ताकि छात्र एवं छात्राएं महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन और उनके राष्ट्रीय आंदोलन में सहयोग को अच्छे से जान सकें और उसको अपने जीवन का हिस्सा बनकर अपने जीवन में एक अच्छे इंसान होने के साथ साथ अपनी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को भी निभाने का एहसास कर सके। इसके अलावा विद्यार्थियों के साथ महात्मा गांधी पर एक इंटरएक्टिव सैशन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. एस.एस. नैन, प्रो. एस.के. पांडे, प्रो. एस.के. बाठला, डा. कुलदीप यादव, डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी, डा. दीपक कुमार, डा. मनजीत कौर और डा. अनुपम सिहाग आदि ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।